ऐ मालिक तेरे बन्दे हम ऐसे हो हमारे करम प्रार्थना लिरिक्स

ऐ मालिक तेरे बन्दे हम,
ऐसे हो हमारे करम,
नेकी पर चले,
और बदी से टले,
ताकि हंसते हुए निकले दम,
ऐ मालिक तेरे बंदे हम।bd।

ये अँधेरा घना छा रहा,
तेरा इंसान घबरा रहा,
हो रहा बेखबर,
कुछ ना आता नज़र,
सुख का सूरज छुपा जा रहा,
है तेरी रौशनी में जो दम,
तू अमावास को कर दे पूनम,
नेकी पर चले,
और बदी से टले,
ताकि हंसते हुए निकले दम,
ऐ मालिक तेरे बंदे हम।bd।

जब जुल्मों का हो सामना,
तब तू ही हमें थामना,
वो बुराई करे,
हम भलाई करे,
नहीं बदले की हो भावना,
बढ़ उठे प्यार का हर कदम,
और मिटे बैर का ये भरम,
नेकी पर चले,
और बदी से टले,
ताकि हंसते हुए निकले दम,
ऐ मालिक तेरे बंदे हम।bd।

बड़ा कमज़ोर है आदमी,
अभी लाखों हैं इसमें कमी,
पर तू जो खड़ा,
है दयालू बड़ा,
तेरी किरपा से धरती थमी,
दिया तूने हमें जब जनम,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तू ही झेलेगा हम सबके ग़म,
नेकी पर चले,
और बदी से टले,
ताकि हंसते हुए निकले दम,
ऐ मालिक तेरे बंदे हम।bd।

ऐ मालिक तेरे बन्दे हम,
ऐसे हो हमारे करम,
नेकी पर चले,
और बदी से टले,
ताकि हंसते हुए निकले दम,
ऐ मालिक तेरे बंदे हम।bd।

Singer – Himanshi & Team

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com